1. श्रीमान् मुख्यमंत्री महोदय,
   राजस्थान सरकार,
   जयपुर (राजस्थान)

2. श्रीमान् मंत्री महोदय,
   स्वायत शासन एवं नगरीय विकास विभाग,
   शासन सचिवालय,
   राजस्थान सरकार, जयपुर (राजस्थान)

3. श्रीमान् मुख्य सचिव,
   राजस्थान सरकार,
   जयपुर (राजस्थान)

4. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय,
   नगरीय विकास एवं आवासन विभाग,
   जयपुर (राजस्थान)

5. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय,
   नीम का थाना।

6. श्रीमान् मुख्य नगर नियोजक,
   नगर नियोजन विभाग,
   राजस्थान (जयपुर)

7. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (पश्चिम),
   नगर नियोजन विभाग,
   जयपुर (राजस्थान)

8. श्रीमान् वरिष्ठ नगर नियोजक,
   बीकानेर जोन, बीकानेर।

9. श्रीमान् आयुक्त महोदय,
   नगर परिषद् ,
   नीम का थाना।

विषयः—प्रस्तावित मास्टर प्लान—2041, नीम का थाना में ग्राम आगवाडी, तहसील नीम का थाना के आबादी विस्तार हेतु आस—पास के क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयोगी भू—उपयोग एवं सिरोही ग्राम के बाहर से बाइपास प्रस्तावित करवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आज ग्राम सभा में ग्राम आगवाडी एवं आस—पास के क्षेत्र में आबादी विस्तार हेतु आवासीय, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयोगी भू—उपयोग एवं सिरोही ग्राम के बाहर से बाइपास प्रस्तावित करवाने बाबत् चर्चा की गयी। चर्चा के मुख्य बिन्दु एवं प्रस्ताव निम्नानुसार हैः—

1. ग्राम आगवाडी की आबादी एवं आबादी विस्तार हेतु मौके पर स्थित बाइपास, रेलवे लाईन एवं पहाडी तथा नीम का थाना रोड के क्षेत्र को नगरीकरण योग्य क्षेत्र में शामिल किये जाने पर चर्चा की गयी एवं सर्वसम्मति से नियमानुसार आवासीय, वाणिज्यिक भू—उपयोग दर्शाते हुए जन सुविधाओं हेतु भी भू—उपयोग प्रस्तावित करवाये जाने बाबत् प्रस्ताव पास किया गया।

2. वर्तमान में ग्राम सिरोही में मुख्य सडक, जो कि सिरोही ग्राम के बीच से निकल रही है, का मार्गाधिकार/चौडाई कम होने की वजह से ट्राफिक जाम की समस्या रहती है। अतः पहाडी एवं रेलवे लाईन के मध्य से सिरोही–नीम का थाना रोड से मौके पर मौजूद बाइपास तक एक 200 फीट की सडक प्रस्तावित की जावें ताकि ट्राफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके एवं ग्राम आगवाडी भी मुख्य सडक से जुड सके। इसका प्रावधान मास्टर प्लान में करवाने बाबत् सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
3. ग्राम आगवाडी की आबादी के आस–पास स्कूल, कॉलेज एवं हॉस्पीटल आदि हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया।
4. वर्तमान में नीम का थाना को जिला बनाया गया है। रोजगार के अवसर होने के कारण एवं अन्य विकास कार्यों के तहत गांवों से खूब पलायन हो रहा है एवं आबादी विस्तार तेज से बढ रहा है। अतः यह निर्णय लिया गया कि आगवाडी ग्राम सभा के प्रस्ताव को मय पत्र के संबन्धित उच्चाधिकारियों एवं माननीयों को अवगत कराया जावे ताकि उचित प्रावधानों के अनुसार भू–उपयोग प्रस्तावित हो सके।

अतः जनहित हेतु उपरोक्त बिन्दुओं/प्रस्तावों को प्रस्तावित मास्टर प्लान–2041, नीम का थाना में शमिल कर कृतज्ञ करें।

आभारी

सरपंच
ग्राम सभा, आगवाडी